पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने कानपुर के अलीग टेनरी जाजमऊ में 'अपनी रोटी' कार्यक्रम का किया उद्घाटन

हर भूखे को भोजन मिलना ही चाहिए– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 23 मार्च, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज कानपुर के अलीग टेनरी जाजमऊ में 'अपनी रोटी' कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुये कहा कि गरीबों को मात्र पांच रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने हेतु संस्था का नाम 'अपनी रोटी' रखना, बहुत ही अच्छा है। इससे खाने वाले को लगेगा कि यह मेरी ही रोटी है और मैं ही खा रहा हूं। 'अपनी रोटी' शब्द से कोई दे रहा है और कोई खा रहा है यह भाव प्रर्दशित नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हर भूखे व्यक्ति को भोजन मिले और हम सब कि जिम्मेदारी बनती है कि हम थोड़े से साधन सम्पन्न होने पर गरीबों को भोजन दें।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आज भी समाज में कई ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें कठिन परिश्रम करने के पश्चात भी पर्याप्त भोजन व भरण–पोषण पूरी तरह से नहीं मिल पाता, ऐसी स्थिति में सिर्फ 05 रुपये में पूरा भोजन गरीबों को अपनी रोटी के माध्यम से मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से गरीब, मजदूर, फैक्ट्री में काम करने वाले, जो दूर–दूर से आते हैं 'अपनी रोटी' में आकर खा लेंगे। उन्होंने सुख, सुविधा व सम्पन्न व्यक्तियों से अपेक्षा की कि वह एक–दो प्रतिशत गरीबों के लिये दान करें, जिससे गरीबों को खाना उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में व्यक्तियों ने प्रदेश में घूम–घूम कर पीड़ित व्यक्तियों को रोटी, दवाई उपलब्ध करायी। डाक्टर व पुलिस का भी सक्रिय सहयोग रहा। कोरोना की लहर फिर से दूसरी बार शुरु हुई है। समाज के सभी वर्ग के व्यक्ति दूरी व मास्क का प्रयोग अवश्य करें, साथ ही अपने गली–मोहल्लों, घर की निरन्तर सफाई भी करते रहें।

चीफ वालेन्टियर डा0 सोहेब अहसन ने कहा कि 'अपनी रोटी' एक ऐसी संस्था है जिसका प्रयास है कि हर गरीब, कमजोर एवं मजदूरों को मात्र 05 रुपये में पौष्टिक भोजन प्राप्त हो और अधिक से अधिक वंचित लोगों तक पंहुचाकर, उनकी सहायता कर राष्ट्र और जनसामान्य कि विकास में सहयोग किया जा सके। उन्होंने बताया कि हमारा ध्येय है 'हर हांथ में रोटी'। इसी लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु हमारी संस्था जन सेवा के क्षेत्र में निरन्तर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में मण्डलायुक्त डा0 राजशेखर, जिलाधिकारी श्री आलोक तिवारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 प्रीतिन्दर सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर श्री अतुल कुमार के अलावा डिप्टी चीफ वालेन्टियर डा0 ओ0यू0 सिद्दकी आदि मौजूद थे।

राम मनोहर त्रिपाठी राजभवन (186/31)